किसानों की आय बढ़ाने की कार्य योजना तैयार : डॉ. मोहन यादव

- राज्यस्तरीय बलराम कृषि महोत्सव का शुभारंभ, सीएम ने किसानों के लिए की कई बड़ी घोषणाएं
- इंदौर कृषि उपज मंडी होगी स्थानांतरित, मंडी परिसर में स्थापित होगी लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा

नवभारत न्यूज़

इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय बलराम कृषि महोत्सव-2026 का शुभारंभ करते हुए किसानों के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

सीएम ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के उद्देश्य से कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, एमएसएमई सहित 16 विभागों की संयुक्त कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि सरकार खेती को उद्योगों और बाजार से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, जिससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिल सके।

इस अवसर पर उन्होंने इंदौर कृषि उपज मंडी को स्थानांतरित करने तथा मंडी परिसर में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है और 13 नवंबर तक प्रदेशभर में कृषि एवं किसान कल्याण से जुड़े विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा तथा पार्वती-चंबल-कालीसिंध (पीकेसी) नदी जोड़ो परियोजनाएं प्रदेश के किसानों के लिए गेमचेंजर साबित होंगी। इन परियोजनाओं से सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा और लाखों किसानों को लाभ मिलेगा।

सीएम ने कहा कि सरकार ने इस वर्ष गेहूं की खरीदी 2625 प्रति क्विंटल की दर से की है। सोयाबीन उत्पादकों को भावांतर योजना का लाभ दिया जा रहा है तथा किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर फसल ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट किसानों, कृषि आधारित सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स तथा बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लगभग 10 हजार करोड़ रुपये के नए औद्योगिक निवेश से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होंगे। उन्होंने उज्जैन में स्थापित पेप्सिको की फूड प्रोसेसिंग यूनिट का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे प्रदेश के 32 जिलों के आलू उत्पादक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी उपज के लिए स्थायी बाजार उपलब्ध होगा।

खाद्यान्न उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर है एमपी

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जीडीपी में कृषि क्षेत्र का योगदान लगभग 43 प्रतिशत है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि खाद्यान्न उत्पादन में मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है, जबकि श्रीअन्न (मिलेट्स), संतरा, धनिया और लहसुन उत्पादन में प्रदेश प्रथम स्थान पर है। इसके अलावा उद्यानिकी और कृषि विविधीकरण के क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

स्नूकर प्रतियोगिता : शौर्य, ओवेश, हार्दिक सहित आठ खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

इंदौर. नेहरू स्टेडियम स्थित बिलियर्ड्स एकेडमी में मध्य प्रदेश बिलियर्ड्स एवं स्नूकर एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 6ठीं इंटर स्कूल 6 रेड स्नूकर प्रतियोगिता के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले बुधवार को खेले गए. खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई. गुजराती समाज स्कूल के शौर्य म्हासे ने एनडीपीएस के मनन अग्रवाल को 2-0 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। बॉम्बे इंटरनेशनल स्कूल के ओवेश खान ने श्री सत्यसाई विद्या विहार के शोभित प्रजापति को 2-0 से पराजित किया. वहीं बॉम्बे पब्लिक स्कूल, मायाखेड़ी के हार्दिक गायकवाड़ ने मां कनकेश्वरी स्कूल के मृत्युंजय वर्मा को 2-0 से शिकस्त दी. एनडीपीएस के रोहन रोचवानी ने अपने ही स्कूल के युग पटेल को रोमांचक मुकाबले में 2-1 से हराया. अन्य मुकाबलों में श्री सत्यसाई विद्या विहार के आगम गंगवाल, एनडीपीएस के दक्ष खत्री, लक्ष्य संतानी और पल्केश गुलानी ने भी जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में स्थान बनाया. बिलियर्ड्स एकेडमी के इंचार्ज सुजीत गेहलोत ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गुरुवार शाम 4 बजे से खेला जाएगा.

एक नजर में

पौधारोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प

इंदौर. बुजुर्गों को पेड़ों की संज्ञा दी जाती हैं, जो स्वयं जीवनभर धूप में तपकर अपने नि:स्वार्थ प्रेम, अनुभव, संस्कार और आशीर्वाद की छाँव में पूरे परिवार को संभाले रखते हैं। इस बात की मिसाल उस समय दिखाई दी, जब आनंदम सीनियर सिटीज़न सेंटर के वरिष्ठ सदस्यों ने सोमवार को शहर के पितृ पर्वत पर कुल 66 पौधे लगाए. आनंदम और उसकी महिला इकाई आनंदिनी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस पौधारोपण कार्यक्रम में आनंदम परिवार के 40 सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और पौधों की देखभाल का संकल्प भी लिया. अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में संस्था के सदस्य कर्नल हर्ष कौल द्वारा 20 पौधों का सहयोग दिया गया. आनंदम सीनियर सिटीज़न सेंटर के सचिव एस.बी. खंडेलवाल ने कहा पौधरोपण करना आसान है, लेकिन असली सेवा तब है, जब उन्हें बड़ा होते हुए देखने की जिम्मेदारी भी निभाई जाए. हमें खुशी है कि आनंदम परिवार सेवा के हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभा रहा है. आनंदम ट्रस्ट और आनंदिनी की अध्यक्ष श्रीमती गुरवीन कौर भाटिया ने कहा आज लगाए गए ये पौधे आने वाले वर्षों में न जाने कितने लोगों को छाँव, स्वच्छ हवा और जीवन देंगे.

22 जुलाई को पेश होगी नई गैलेक्सी वॉच

इंदौर. जैसे-जैसे एआई रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनता जा रहा है, मोबाइल डिवाइस इसके इस्तेमाल का सबसे अहम माध्यम बन रहे हैं. सैमसंग का लक्ष्य एआई को लोगों की दैनिक जिंदगी का ऐसा हिस्सा बनाना है, जो बिना किसी जटिलता के उनकी जरूरतों के मुताबिक काम करे और हर कदम पर उपयोगी साबित हो. इसी दिशा में कंपनी अपने पूरे गैलेक्सी इकोसिस्टम में एआई आधारित स्मार्ट फीचर्स का विस्तार कर रही है. इसमें गैलेक्सी वॉच की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी, जो हमेशा सक्रिय रहकर यूजर्स को उनकी सेहत से जुड़ी व्यक्तिगत और उन्नत जानकारी उपलब्ध कराएगी. नई गैलेक्सी वॉच यूजर्स को बिना किसी अतिरिक्त प्रयास के बेहतर हेल्थ मॉनिटरिंग का अनुभव देगी. यह बैकग्राउंड में लगातार काम करते हुए सेहत से जुड़ी जानकारियां जुटाएगी और हेल्थ मॉनिटरिंग को रोजमर्रा की दिनचर्या का सहज हिस्सा बना देगी. गैलेक्सी वॉच अब तक यूजर्स की नींद, मूवमेंट और दैनिक गतिविधियों को ट्रैक कर उनकी सेहत की अहम जानकारियां जुटाती रही है. सैमसंग 22 जुलाई को शाम 6.30 बजे (भारतीय समयानुसार) आयोजित गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट में नई गैलेक्सी वॉच से पर्दा उठाएगा.

एआई से कृषि क्षेत्र में डिजिटल बदलाव को मिलेगी रफ्तार

इंदौर. सोलर पंप निर्माता कंपनी शक्ति पंप्स ने एजेंटिक एआई सीआरएम सेल्सफोर्स के साथ पार्टनरशिप की है. इस पार्टनरशिप के जरिए कंपनी अपनी एआई बेस्ड ग्रोथ स्ट्रैटेजी को और तेज़ करेगी. इससे शक्ति पंप्स एक स्मार्ट और डेटा आधारित एंटरप्राइज बनाएगी, जो किसानों के साथ बेहतर जुड़ाव, बिजनेस की तेज़ी और कंपनी की अगली ग्रोथ को सपोर्ट करेगा. शक्ति पंप्स के मैनेजिंग डायरेक्टर रमेश पाटीदार ने कहा हम भारत के किसानों के लिए एक व्यापक एग्री-टेक पार्टनर बनने के अपने विज़न पर लगातार काम कर रहे हैं. सेल्सफोर्स के साथ हमारी पार्टनरशिप हमें एजेंटिक क्षमताएं देती है, जिनकी मदद से हम अपनी सेल्स, सर्विस, मार्केटिंग और फील्ड ऑपरेशंस को एक ही स्मार्ट प्लेटफॉर्म पर ला सकेंगे. शक्ति पंप्स के चीफ डिजिटल एंड इंफॉर्मेशन ऑफिसर राजेश पोतदार ने कहासेल्सफोर्स के साथ हमारी पार्टनरशिप एक ऐसे स्मार्ट एंटरप्राइज बनाने के हमारे विज़न को दर्शाती है, जो सिर्फ ऑपरेशनल एक्सीलेंस ही नहीं, बल्कि किसानों, पार्टनर्स और ग्रामीण समुदायों के लिए भी ज्यादा वैल्यू तैयार करे. सेल्सफोर्स इंडिया के रीजनल वाइस प्रेसिडेंट विनय भट ने कहा कृषि क्षेत्र में नए इनोवेशन को आगे बढ़ाने और एआई के जरिए टिकाऊ ग्रोथ हासिल करने की इस यात्रा में शक्ति पंप्स के साथ पार्टनरशिप को लेकर हम बेहद उत्साहित हैं.

रक्षा मंत्री ने शौर्य विजय यात्रा को रवाना किया

इंदौर. कारगिल विजय दिवस 2026 के देशव्यापी उत्सव के अवसर पर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, नई दिल्ली से शौर्य विजय यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस 13 दिवसीय अभियान में राइडर्स जावा और येज्दी मोटरसाइकिलों पर अपनी यात्रा पूरी करेंगे. 'वन राइड, वन नेशन, वन सैल्यूट' के आदर्श वाक्य के साथ, 1,900 किलोमीटर लंबे इस अभियान में सेवारत और सेवानिवृत्त रक्षा कर्मियों तथा उनके परिवार के सदस्यों सहित 28 राइडर्स शामिल हैं, जो द्रास, लद्दाख में कारगिल युद्ध स्मारक तक की यात्रा करेंगे. यह यात्रा 26 जुलाई 2026 को कारगिल युद्ध स्मारक पर समाप्त होने से पहले चंडीमंदिर, रेजांग ला और लेह युद्ध स्मारकों से होकर गुजरेगी। इस समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह; चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल एन. एस. राजा सुब्रमणि; और थल सेनाध्यक्ष जनरल धीरज सेठ के साथ-साथ वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, पूर्व सैनिक और आमंत्रित अतिथि उपस्थित थे. क्लासिक लीजेंड्स के सह-संस्थापक अनुपम थरेजा ने कहा शौर्य विजय यात्रा कारगिल के नायकों और उनके परिवारों को याद करने का हमारा एक तरीका है. इस यात्रा के माध्यम से, हम आने वाली पीढ़ियों के लिए उनकी यादों को जीवित रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट का आईपीओ आज होगा बंद

इंदौर. एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड ने अपने पहले इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) के लिए प्रति शेयर 545 रुपए से 574 रुपए का प्राइस बैंड तय किया है. इसके एक शेयर की फेस वैल्यू 1 रुपए है। कंपनी का यह आईपीओ आम निवेशकों के सब्सक्रिप्शन के लिए 14 जुलाई से खुल गया और 16 जुलाई बंद होगा. निवेशक कम से कम 26 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं. इसके बाद 26 के मल्टीपल्स में ही बोली लगाना होगा. यह आईपीओ पूरी तरह से ऑफर-फॉर-सेल है. इसके तहत 1 रुपए की फेस वैल्यू वाले 20,37,09,239 इक्विटी शेयर बेचे जाएंगे. एंकर इन्वेस्टर्स के लिए बोली लगाने की शुरुआत और समाप्ति सोमवार, 13 जुलाई 2026 को होगी. साल 1992 में शुरू हुई यह कंपनी देश की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी यानी म्यूचुअल फंड कंपनी है. मार्च तिमाही के औसत म्यूचुअल फंड एसेट्स अंडर मैनेजमेंट के मामले में यह नंबर वन पर है.

अंकुरा हॉस्पिटल्स ने मध्य भारत में रखा कदम

इंदौर. अंकुरा हॉस्पिटल्स फॉर वुमेन एंड चिल्ड्रेन ने आज इंदौर के विजय नगर में अपने अत्याधुनिक 120-बेड सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का शुभारंभ किया. अस्पताल का उद्घाटन नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, चिकित्सा विशेषज्ञों, स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया.

अंकुरा हॉस्पिटल्स फॉर वुमेन एंड चिल्ड्रेन के संस्थापक डॉ. कृष्ण प्रसाद राव वुन्नम ने कहा हमारा उद्देश्य प्रत्येक मां और प्रत्येक बच्चे तक विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है. इंदौर मध्य भारत का एक प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है और हमारा यह विस्तार विश्वस्तरीय मातृत्व, नवजात एवं बाल चिकित्सा सेवाओं को लोगों के और निकट लाने की हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है. आधुनिक तकनीक, अनुभवी विशेषज्ञों और वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से हम मरीजों को सर्वोत्तम उपचार उपलब्ध कराना चाहते हैं, ताकि उन्हें विशेष उपचार के लिए महानगरों की ओर रुख न करना पड़े. अस्पताल में प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, नियोनेटोलॉजिस्ट, बाल रोग विशेषज्ञ, पीडियाट्रिक सर्जन, फीटल मेडिसिन विशेषज्ञ, एनेस्थीसियोलॉजिस्ट तथा क्रिटिकल केयर विशेषज्ञों की अनुभवी टीम कार्यरत है.

जनसेवा ही नगर निगम की पहचान, झोन हमारे काम की आत्मा : महापौर

- झोन -11 पर समीक्षा बैठक में नागरिकों के साथ अच्छा व्यवहार करने की दी हिदायत

नव भारत न्यूज

इंदौर. महापौर ने शहर के विकास कार्यों की झोनवार समीक्षा में बुधवार को जोन 11 पर बैठक ली. बैठक में अधिकारियों को नागरिक के साथ संवेदनशीलता, आत्मीयता और जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करने की हिदायत दी. उन्होंने कहा कि जनसेवा ही नगर निगम की सबसे बड़ी पहचान है. झोन हमारे काम की आत्मा है.

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज नगर निगम के झोन -11 पर विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक ली.

बैठक में वार्ड समिति के एजेंडा पर पार्षदों से विकास कार्यों की जानकारी ली. पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में विकास कार्यों के तहत विभिन्न निर्माण एवं नागरिक समस्याओं से संबंधित विषयों पर सुझाव रखे. साथ ही झोन स्तर सड़क, बेक लाइन निर्माण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम सहित विकास कार्यों की प्रगति और वर्तमान स्थिति पर चर्चा की. महापौर ने कहा कि नगर निगम जनता को घर बैठे मोबाइल और डिजिटल सेवाओं का लाभ देने को लेकर प्राथमिकता पर काम कर रहा है. निगम द्वारा डिजिटल सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है, ताकि नागरिकों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए निगम मुख्यालय अथवा झोन कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें. बैठक में झोन अध्यक्ष एवं पार्षद महेश बसवाल, विजयलक्ष्मी गौहर, पंखुड़ी जैन डोसी, महापौर प्रतिनिधि भावेश दवे, झोनल अधिकारी गीतेश तिवारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे.

निगम सेवाओं का प्रभावी माध्यम

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बैठक में बताया कि नगर निगम की कार्यप्रणाली में झोन कार्यालयों की भूमिका अहम है. झोन निगम सेवाओं का सबसे प्रभावी माध्यम हैं. इसके तहत नागरिकों को त्वरित एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं. नागरिकों के साथ झोन कार्यालय पर सम्मानजनक व्यवहार, सकारात्मक वातावरण तथा समाधान करने वाला व्यवहार मिलना चाहिए.

आईडीए शिविर लगाकर करेगा लीज वसूली

- तीन और दो दिन के अलग-अलग स्थानों पर लगेंगे शिविर

नव भारत न्यूज

इंदौर. आईडीए शहर में अपनी योजनाओं में लीज वसूली की लेकर अगले महीने शिविर लगाएगा. इसके लिए शहर की दो अलग-अलग योजनाओं में दो और तीन दिवसीय शिविर लगाए जाएंगे. आईडीए द्वारा विभिन्न योजनाओं में लीज वसूली एवं नवीनीकरण के राजस्व आय बढ़ाने के साथ प्लॉटधारकों और मकान मालिकों को सुविधा देना मुख्य उद्देश्य है.

आईडीए अगले महीने 6 से लेकर 8 अगस्त तक तीन दिन योजना 51 में स्थित पानी की टंकी पर लीज वसूली शिविर लगाएगा. शिविर में योजना 51, 155, 166 एवं 91 के प्लॉट धारक ओर मकान मालिक मौके पर लीज जमा कर सकेंगे. साथ ही लीज राशि भरकर नवीनीकरण के आवेदन भी कार्यालय में ऑनलाइन जमा कर आगे की कार्रवाई कर सकते है. इसी तरह 13 और 14 अगस्त को योजना 140 में स्थित आनंदवन फेस 2 में दो दिन तक लीज वसूली शिविर लगाएगा. दोनों शिविर का समय सुबह 11 से शाम 5 तक का रहेगा, जिसमें लीज धारक अपने प्लॉटों की लीज राशि जमकर रसीद प्राप्त कर सकते हैं.

शिविर का लाभ उठाएं नागरिक

आईडीए संपदा अधिकारी श्यामू श्रीवास्तव ने बताया कि योजनाओं के लीज धारक शिविर में लीज राशि भरकर नवीनीकरण की कारवाई कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि अभी दो योजनाओं में आईडीए लीज वसूली शिविर लगा रहा है, फिर अन्य योजनाओं में भी इसी तरह शिविर लगाकर प्लॉट धारकों और मकान मालिकों को सुविधाएं दी जाएगी. श्रीवास्तव ने आईडीए की योजना के नागरिकों से आग्रह किया है कि वे शिविर का लाभ उठाएं और कार्रवाई से बचे.

डीटीई काउंसलिंग में एसजीएसआईटीएस फिर बना छात्रों की पहली पसंद, 853 ने लिया प्रवेश

नवभारत न्यूज़

इंदौर. मध्यप्रदेश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान एसजीएसआईटीएस में डीटीई काउंसलिंग के प्रथम चरण एवं प्रथम अपग्रेड राउंड के बाद 853 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है.

संस्थान के अनुसार आगामी काउंसलिंग राउंड के लिए अभी 304 सीटें उपलब्ध हैं, जिससे छात्रों को प्रवेश का एक और अवसर मिलेगा. प्रथम चरण के प्रवेश आंकड़ों में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग 126 और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी 119 सबसे लोकप्रिय शाखाएं रहीं. इसके अलावा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग 93 इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग 88 मैकेनिकल इंजीनियरिंग 86 सिविल इंजीनियरिंग 83 और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग 83 में भी उल्लेखनीय प्रवेश हुए. वहीं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड रोबोटिक्स, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग और बैचलर ऑफ डिजाइन जैसे उभरते पाठ्यक्रमों को भी छात्रों ने पसंद किया. वर्ष 1952 में स्थापित एसजीएसआईटीएस मध्यभारत का प्रमुख स्वायत्त शासकीय इंजीनियरिंग संस्थान है. संस्थान अपनी आधुनिक प्रयोगशालाओं, उद्योग-अनुकूल शिक्षा, अनुसंधान गतिविधियों, स्टार्टअप संस्कृति और बेहतर प्लेसमेंट के लिए जाना जाता है.

पसंदीदा शाखा को प्राथमिकता देने की अपील

संस्थान के संचालक प्रो. (डॉ.) नीतेश पुरोहित ने कहा कि एसजीएसआईटीएस विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और वैश्विक अवसर प्रदान करने वाला ज्ञान केंद्र है. वहीं डीटीई काउंसलिंग प्रभारी प्रो. पी. गनाई ने छात्रों से समय पर पंजीयन करने और चॉइस फिलिंग में अपनी पसंदीदा शाखा एवं कॉलेज को प्राथमिकता देने की अपील की है. संस्थान ने अभ्यर्थियों और अभिभावकों से आगामी काउंसलिंग राउंड का लाभ उठाकर एसजीएसआईटीएस में प्रवेश के अवसर का उपयोग करने का आग्रह किया है.

नेशनल आर्टिस्ट्स चैंपियनशिप 20 से

इंदौर. शहर के फीनिक्स सिटाडेल मॉल में 20 से 22 जुलाई तक नेशनल आर्टिस्ट्स चैंपियनशिप (एन.ऐ.सी) 2026 का आयोजन किया जाएगा. तीन दिवसीय इस आयोजन में देशभर से मेकअप आर्टिस्ट, हेयर स्टाइलिस्ट, नेल आर्टिस्ट, फैशन और ब्यूटी इंडस्ट्री से जुड़े प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न श्रेणियों में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिनमें प्रतिभागियों का मूल्यांकन विशेषज्ञ जजों द्वारा किया जाएगा. आयोजन में विजेताओं को सम्मानित भी किया जाएगा. इसके साथ ही ब्यूटी और फैशन इंडस्ट्री से जुड़े प्रोफेशनल्स को अपनी प्रतिभा दिखाने और नए अवसरों से जुड़ने का मंच मिलेगा. आयोजकों ने इच्छुक प्रतिभागियों से समय रहते पंजीयन कराने की अपील की है. इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से कलाकारों के शामिल होने की संभावना है

नेशनल योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश रहा उपविजेता

इंदौर. डब्ल्यूवायएसएफ इंडिया योग स्पोर्ट्स फेडरेशन के तत्वावधान में मध्यप्रदेश योगा एसोसिएशन द्वारा मंदसौर में आयोजित 11वीं नेशनल योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त किया. पश्चिम बंगाल की टीम ओवरऑल चैंपियन रही, जबकि गुजरात की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

एसोसिएशन के सचिव गुलाब सिंह चौहान ने बताया कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत मुकाबलों में 3 स्वर्ण, 3 रजत व 1 कांस्य पदक जीता। टीम मुकाबलों में बालक मिनी टीम विजेता, जूनियर टीम उपविजेता तथा सब जूनियर टीम तृतीय स्थान पर रही. बालिका वर्ग में मिनी व सब जूनियर टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. व्यक्तिगत मुकाबलों के बालक वर्ग में मिनी आयु वर्ग के वीर गुप्ता ने रजत, सीनियर वर्ग में आदित्य राज सोनी ने स्वर्ण व कीर्तन गहलोत ने रजत पदक जीता. बालिका वर्ग में सब जूनियर की महिका सिसोदिया ने रजत, जूनियर वर्ग की देवीशी गुप्ता ने स्वर्ण व नित्या भदोरिया ने कांस्य तथा सीनियर वर्ग की मानसी बागोरा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया. मध्यप्रदेश टीम की इस उपलब्धि पर एसोसिएशन अध्यक्ष हरिनारायण यादव, सचिव गुलाब सिंह चौहान, ईश्वर सिंह चौहान, विक्रम अवार्डी रोहित बाजपई, प्रदीप तिवारी व मीनाक्षी गुप्ता सहित पदाधिकारियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी.

खेलो इंडिया अस्मिता : बीएफआई अकादमी और आईटीएम ग्वालियर फाइनल में

इंदौर. मध्यप्रदेश बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता मध्यप्रदेश राज्य सीनियर (महिला) बास्केटबॉल लीग-2026 के सेमीफाइनल मुकाबलों में बीएफआई अकादमी और आईटीएम यूनिवर्सिटी, ग्वालियर ने शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश कर लिया. प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रोमांचक मुकाबले खेले.

पहले सेमीफाइनल में आईटीएम ग्वालियर ने नीमच जिले को 92-53 से हराया. विजेता टीम की ओर से रिया गौस्वामी ने 23 अंक और खुशी पाल ने 20 अंक का योगदान दिया. नीमच की टीम मुकाबले में वापसी नहीं कर सकी और ग्वालियर ने एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की. दूसरे सेमीफाइनल में बीएफआई अकादमी ने एनबीए इंदौर को 90-81 से हराकर फाइनल का टिकट हासिल किया. बीएफआई अकादमी की ओर से लविना ने 25 अंक, जबकि कप्तान उन्नति राठौर ने 19 अंक बनाकर जीत में अहम भूमिका निभाई. मुकाबला अंत तक रोमांचक रहा, लेकिन निर्णायक क्षणों में बीएफआई अकादमी ने बढ़त बनाए रखी. वहीं, लोअर लीग के सेमीफाइनल में आरसीसी भोपाल ने गुना को 51-38 से तथा ग्वालियर ने खंडवा को 29-8 से हराकर फाइनल में जगह बनाई. प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में खिताब के लिए कड़ा संघर्ष देखने की उम्मीद है.

एक नजर में — श्रीलक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान में ब्रह्मोत्सव व रथयात्रा महोत्सव का छठा दिन

भगवान वेंकटेश ने पुष्प बंगले में दिए दिव्य दर्शन

इंदौर. छत्रीबाग स्थित श्रीलक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान में चल रहे श्री ब्रह्मोत्सव एवं रथयात्रा महोत्सव के छठे दिन श्रद्धालुओं ने दिव्य पुष्प बंगले में भगवान वेंकटेश के मनोहारी दर्शन किए. इस वर्ष 200×200 फीट क्षेत्र में हजारों किलो फूलों से सजे पुष्प बंगले ने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया.

भगवान वेंकटेश विशेष जरीदार रेशमी पोशाक धारण कर चंद्रमा पर विराजमान स्वरूप में दर्शन देते नजर आए, वहीं महालक्ष्मीजी का भी आकर्षक श्रृंगार किया गया. आयोजन के दौरान भजन, संकीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों से पूरा परिसर भक्तिमय बना रहा. सुप्रसिद्ध भजन गायक गोवत्स श्री राधाकृष्ण महाराज ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिया. आयोजन समिति के पंकज तोतला के अनुसार 16 जुलाई को शाम 4 बजे श्रीलक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान से प्रदेश की सबसे बड़ी पारंपरिक एवं देश की तीसरी सबसे बड़ी गौरवशाली रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी, जहां विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा और स्वागत की तैयारियां की गई हैं. इसके साथ ही देवस्थान में गो-अन्नकूट महोत्सव एवं वेणुगोपाल संस्कृत पाठशाला का वार्षिक उत्सव भी आयोजित होगा.

एमपीपीएससी प्री-कम-मेन्स परीक्षा 2027 की नि:शुल्क कोचिंग के लिए आवेदन आमंत्रित

इंदौर. शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) प्री-कम-मेन्स परीक्षा 2027 की तैयारी के लिए नि:शुल्क कोचिंग संचालित की जा रही है. इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. प्रशिक्षण केन्द्र की सहायक आयुक्त एवं प्राचार्य श्रीमती आशा चौहान ने बताया कि पात्र अभ्यर्थी प्रशिक्षण केन्द्र से आवेदन पत्र प्राप्त कर उसे पूर्ण रूप से भरकर आवश्यक दस्तावेजों सहित शीघ्र संस्थान में जमा करें तथा नि:शुल्क कोचिंग का लाभ प्राप्त करें कोचिंग हेतु प्रवेश के लिए आवेदक का मध्यप्रदेश का अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति वर्ग का निवासी होना आवश्यक है.